महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

विज्ञप्ति सं........

क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2015/ 455. *दिनांकः 13.01.2016*

विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 2016 के परीक्षा आवेदन पत्र बेवसाइट **www.mdsuexam.org** तथा **www.mdsuexam.net** पर ऑनलाइन प्रक्रिया से भरने की तिथियाँ निम्नानुसार बढ़ाई जाती है–

कक्षा	परीक्षा शुल्क व परीक्षा शुल्क के पाँच गुना विलम्ब शुल्क सहित **(कुल छः गुना परीक्षा शुल्क)**
समस्त स्नातक (पास/ऑनर्स) **भाग–प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के नियमित, पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी छात्र यथा–** बी.ए./बी.कॉम/बी.एससी/बी.एससी (गृह विज्ञान), /बी.बी.ए./बी.सी.ए./ बी.एससी.(आई.टी./कम्प्यूटर साइंस/ नेच्युरोपैथी एवं योगिक साइंस/ बायो टेक्नोलॉजी) /बी.ए. एडीशनल/बी.ए.बी.एड. **समस्त स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध/उत्तरार्द्ध) एवं समस्त प्रोफेशनल कोर्स के नियमित, पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी छात्र यथा**–एम.ए., एम.एससी., एम.कॉम., एलएल.बी., एलएल.एम., बी.एससीबी.एड, बी.एड.सैकेण्डरी, बी.पी.एड., बी.पी.ई., एम.एड., एम.एड.(एलीमेन्ट्री), एवं समस्त डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	**13.01.2016 से 18.01.2016 तक**
उपरोक्त वर्णित सभी परीक्षाओं के प्रिन्टेड आवेदन पत्र की विश्वविद्यालय प्रति (हार्ड कॉपी) संबंधित महाविद्यालय से अग्रेषित करवाकर विश्वविद्यालय कैश काउन्टर पर जमा कराने की अंतिम तिथि	**20.01.2016 तक**
बी.एड, बी.एड. (स्पेशल एज्युकेशन) प्रथम वर्ष हेतु बिना विलम्ब शुल्क सहित अंतिम तिथि 11.01.2016 एवं 100/– रू. विलम्ब शुल्क सहित अंतिम तिथि 18.01.2016 की जाती है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में दिनांक 20.01.2016 तक जमा करायेंगे। संबंधित महाविद्यालय प्राप्त आवेदन पत्र दिनांक 22.01.2016 कि विश्वविद्यालय को भेजेंगे।	

परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश, परीक्षा फीस, का विवरण एवं परीक्षा केन्द्र संबंधी सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिये अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करें अपितु यथा शीघ्र आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को पूर्ण करें। परीक्षा शुल्क जमा कराने की व्यवस्था ई–मित्र के माध्यम से की गई है। निर्धारित अवधि के पूर्व तथा पश्चात् फीस स्वीकार नहीं की जावेगी।

नोट–

1. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के अलावा अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण परीक्षार्थी माइग्रेशन सर्टिफिकेट तथा मूल अंकतालिका भी संलग्न करें।
2. समस्त श्रेणी (नियमित, पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी) छात्रों हेतु वेबसाइट पर अलग–अलग फार्म उपलब्ध रहेंगे।
3. स्नातक कला में वैकल्पिक विषय के रूप में तीन साहित्य विषय तथा तीन प्रायोगिक विषय चयन करने की अनुमति नहीं है।
4. स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को निम्नलिखित विषयों में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी–
   लाइव स्टॉक एवं डेयरिंग, टैक्सटाइल डाइंग एण्ड प्रिन्टिंग, ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग, फिजिकल एजुकेशन, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मनोविज्ञान।
5. स्वयंपाठी पुरूष परीक्षार्थियों को गृह विज्ञान वैकल्पिक विषय के रूप में चयन करने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
6. स्नातक कला वर्ग के स्वयंपाठी छात्र प्रायोगिक विषय का चयन करने पर आवेदन भरते समय उसी महाविद्यालय/केन्द्र का चयन करें जहॉं यह विषय नियमित छात्रों हेतु उपलब्ध हो।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2015/ 456 - 755 . *दिनांकः 13.01.2016*

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय एवं समस्त प्राचार्य– सम्बद्ध महाविद्यालय, को सूचनार्थ प्रेषित है।
2. ए.सी.पी. ऑनलाईन केन्द्र, मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है कि विज्ञप्ति को परीक्षा कार्य की बेवसाइट पर प्रसारित कराने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
4. उपकुलसचिव (वित्त एवं लेखा) को प्रेषित कर लेख है कि आवश्यक कार्यवाही करने के पश्चात् आवेदन पत्र अधिकतम तीन दिवस के भीतर संबंधित परीक्षा शाखा को प्रेषित करने की व्यवस्था करावें।
5. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी/प्रोग्रामर, मदसविवि, अजमेर।
6. निजी सचिव–कुलपति/निजी सहायक कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
7. सहायक, रोकड़ शाखा, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।
8. मै. कम्प्यूटर कन्सलटेन्सी सर्विसेज़, टी.बी. अस्पताल के सामने, जयपुर रोड़ अजमेर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
9. ई–मित्र कार्यालय, योजना भवन, जयपुर, सी.स्कीम, जयपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
10. नोटिस बोर्ड पर विज्ञप्ति चस्पा करते हुए सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के लिए वैबसाईट **mdsuexam.org** तथा **mdsuexam.net** का निरन्तर अवलोकन करें तथा इसके अतिरिक्त कार्यालय समय में प्रातः 09.00 से सायं 6.00 के बीच उपरोक्त वैबसाईट पर प्रदर्शित हैल्प लाइन नम्बर पर भी सम्पर्क किया जा सकता है:–

उपकुलसचिव(परीक्षा)
13/01/16